भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2106**
21/12/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

**अंटार्कटिका में मैत्री-II स्टेशन का प्रचालन**

2106. श्री बीडा मस्थान राव यादव :

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का अंटार्कटिका में मैत्री-II नामक एक नए स्टेशन का प्रचालन करने का इरादा है;
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;
(ग) इसके पूरा होने की निर्धारित समय-सीमा क्या है; और
(घ) इस संबंध में क्या लाभ प्रस्तावित हैं ?

**उत्तर**
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) जी हां। सरकार का पूर्वी अंटार्कटिका में मौजूदा भारतीय अनुसंधान केन्द्र, मैत्री के पास एक नया अनुसंधान स्टेशन संचालित करने का इरादा है।

(ख) नए स्टेशन के लिए स्थान की पहचान कर ली गई है। संपर्क सडक के लिए प्रारंभिक स्थलाकृतिक सर्वेक्षण चल रहा है।

(ग) इसके पूरा होने की निर्धारित समयसीमाओं का विवरण निम्नानुसार है:

I. मास्टर प्लान तैयार करना, सलाहकार की नियुक्ति और डिजाइनिंग: **18 माह**।
II. निविदा का मसौदा तैयार करना और निविदा जारी करना, संविदा देना और अनुबंध पर हस्ताक्षर करना, परामर्शदाताओं द्वारा साइट सर्वेक्षण, साइट पर सड़क बनाना और निर्माण कार्य: **18 माह**।
III. मुख्य भूमि पर प्रीफैब्रिकेशन/खरीद, केप टाउन/अंटार्कटिका/इंडियन बैरियर से साइट तक परिवहन तथा निर्माण कंपनी द्वारा अंटार्कटिका में निर्माण की तैयारी: **18 माह**।
IV. इंडियन बैरियर से साइट तक अंतिम संघटकों का परिवहन तथा निर्माण कंपनी द्वारा अंटार्कटिका में निर्माण: **12 माह**।
V. निर्माण का पूरा होना: **जनवरी 2029 तक**।

(घ) मौजूदा भारतीय अनुसंधान केंद्र 'मैत्री' बहुत पुराना है। नया अनुसंधान केन्द्र बनाना जरूरी है। प्रस्तावित परियोजना में अंटार्कटिका के लिए पर्यावरण प्रोटोकॉल का अनुपालन और अंटार्कटिका में भारतीय वैज्ञानिक अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार परिकल्पित है।

*****